प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ में प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई पूरी : फैसला रखा गया सुरक्षित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का किया शुभारंभ : कहा– किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम है यह महोत्सव।
3. यूपी इंटरनेशनल ट्रेड–शो के तीसरे संस्करण के लिए आज दिल्ली में हुआ रोड शो : कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा– उद्योगों, कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक मंच देगा यह ट्रेड शो। और
4. प्रदेश में हो रही बारिश से नदियां उफान पर : प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ा, बनाई गईं 88 बाढ़ चौकियां।

————————

इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने आज प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पेश है एक रिपोर्ट....

*न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों की याचिकाओं पर आज लगातार दूसरे दिन सुनवाई पूरी की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार का यह फैसला शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। वहीं दूसरी तरफ, राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह कदम स्कूलों के बेहतर प्रबंधन के लिए उठाया गया है। अदालत द्वारा स्कूलों के विलय होने पर बच्चों के घरों से स्कूलों की दूरी बढ़ने के सवाल पर सरकार ने कहा कि बच्चों के लिए परिवहन की उचित व्यवस्था की जाएगी। मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें भविष्य की सभी कार्यवाहियों में ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना के रूप में संदर्भित करने की मांग की गई थी। यह अर्जी मामले में पक्षकार और अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने दाखिल की थी। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकल पीठ ने बीती 23 मई को इस मांग को लेकर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग आकृति के अलावा वजूखाने का एएसआई से सर्वेक्षण की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए छह अगस्त की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने उपासना स्थल

कानून को लेकर दाखिल याचिका की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लंबित रहने के कारण दिया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। बाइट....

*प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर के उसके आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले प्रयास का ही काम और केवल आम के उत्पादन उसके लिए बाजार की व्यवस्था उस पासपोर्ट करने की व्यवस्था के साथ ही नहीं जोड़ा। बाल्की अन्नदाता किसान के मन में खेती के बारे में वैज्ञानिक फसलों के बारे में उन्नति के बारे में विश्वास पैदा करने का भी यह तो एक माध्यम बनने जा रहा।*

इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। तीन दिवसीय महोत्सव में संगोष्ठियों, प्रगतिशील किसानों के अनुभव साझा करने और बायर्स–सेलर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता का मंत्र दिया।

————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंसटेस्ट–सीयूईटी 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों मेंप्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

————————

आगामी 25 से 29 सितम्बर के बीच होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड–शो 2025 के तीसरे संस्करण के लिए रोड शो का आयोजन आज कनॉट प्लेस नई दिल्ली में किया गया। रोड शो की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास, उद्यमिता और वैश्विक संपर्क की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए एक संभावनाओं के केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह केवल उत्पादों की प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश के

उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों की शक्ति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मोहर्रम की आठवीं तारीख पर अलम–ए–फातेह–फुरात का जुलूस आज रात रवायती अंदाज में लखनऊ से निकलेगा। यह जुलूस दरिया वाली मस्जिद से शुरू होकर इमामबाड़ा गुफरान मआब पर समाप्त होगा। जुलूस के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये हैं। वहीं वाराणसी में भी मोहर्रम को लेकर कमिश्नरेट पुलिस सक्रिय है। मीडिया से बात करते हुए अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा ने बताया कि मोहर्रम को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। बाइट.....

*आगामी त्योहारों को लेकर यहां पर तैयारियां है इसके हित एक ओर सभी पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित करेंगे जो थाना, चौकी स्तर के साथ–साथ सीनियर लेवर पर भी एक सेंटर पुलिस कमेटी की मीटिंग जो*

*पुलिस आयुक्त महोत्सव के नेतृत्व में हो चुकी है। इसके अतिरिक्त जितने भी ताजियेदार है उन सब के साथ मीटिंग हुई है।*

————————

लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में जाने के बाद कल पहली बार अपने परिजनों से संवाद किया। शुभांशु ने अपने परिवार से अनुभव साझा किये और स्पेस स्टेशन की वर्चुअल सैर कराई। शुभांशु ने मां को अंतरिक्ष से सूर्योदय का दृश्य दिखाया। इसी कड़ी में शुभांशु शुक्ला ने इसरो के आउटरीच प्रोग्राम के तहत सिटी मांटेसरी कानपुर रोड के ऑडिटोरियम में छात्र–छात्राओं से संवाद किया।

————————

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा अयोध्या मं एनएसजी हब बनाने के लिए केंद्र सरकार को जमीन दिए जाने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी को लेकर अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा है कि इससे अयोध्या की सुरक्षा चाक चौबंद हो सकेगी। बाइट....

*यहां पर पहले भी टेरिस्ट अटेक हो चुका है। इसके लिये आवश्यक था कि यहां पर सिक्योरिटी के विशेष अरेंजमेंट किये जाये, तो उसके दृष्टिगत एक प्रस्ताव जिलाधिकारी द्वारा भेजा गया था। यहां पर एनएसजी हब हो स्टार्अ करने के लिये भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव था जिस पर कैबिनेट ने मोहर लगाई गई है तो इससे यहां कि जो सुरक्षा है उसको और चुस्त किया जा सकेगा और कोई भी इमरजेंसी केस में क्यूक्लि रिस्पांस कर सकेंगे ऐसी व्यवस्था रहेगी और इसी के दृष्टिगत ये जो प्रस्ताव है इसको मंजूरी दी गई है।*

————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नई राष्ट्रीय खेल नीति–2025 को मंजूरी दिए जाने पर अमरोहा के खिलाड़ियों ने सरकार का आभार जताया है। खिलाड़ियों का कहना है कि नई राष्ट्रीय खेल नीति से भारतीय खिलाड़ियों को और अधिक सुविधाएं एवं प्रोत्साहन मिलेगा और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक पदक जीतने में सफल होंगे। बाइट....

*सरकार ने जो नई खेल नीति को मंजूरी दी है उसका हम बहुत ज्यादा आभार प्रकट करते हैं 2026 में जो ओलम्पिक आयेगा उसमें भारत के ज्यादा से ज्यादा मेडल आयेंगे और भारत का डंका बजेगा।*

————————

प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कई जनपदों में नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी से बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। बदायूं में गंगा और लखीमपुर खीरी में शारदा खतरे के निशान से आधा मीटर नीचे बह रही हैं। प्रयागराज में गंगा और यमुना उफान पर हैं। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि बाढ़ को लेकर समीक्षा की गई है। 88 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। प्रशासन पूरी तरह से तैयार हैं। बाइट....

*डिटेल समीक्षा की गई है। 88 बाढ़ चौकियां बनाई गई है। 47 गांवों को चिन्हित किया गया है जो संवेदनशील है, परम्परा रूप से जहां पर चल प्रभावित क्षेत्र हो जाते है वहां पर भी हम लोगों ने अपनी टीम को डिपलाए किया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को डिप्लासमेंट किया है और जो हमारे रेन्वयू और स्टेट होल्डर्स डिपार्टमेंट है सभी की डिटेल ट्रेनिंग कराई गई है और मॉकड्रिल भी सम्पन्न हो गये है।*

(समाप्त)